भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोकसभा

तारांकित प्रश्न सं. †*306

(जिसका उत्तर सोमवार 11 अगस्त, 2025 /20 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाना है)

जनजातियों की प्रति व्यक्ति आय

†*306. श्री राजकुमार रोत:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देशभर में प्रति व्यक्ति आय तथा वर्तमान महंगाई दर के दृष्टिगत आदर्श प्रति व्यक्ति आय का राज्यवार, जिलावार और श्रेणीवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या जनजातीय समुदायों की प्रति व्यक्ति आय अन्य समुदायों/श्रेणियों की तुलना में सबसे कम है;

(ग) सरकार द्वारा जनजातीय समुदायों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने तथा अन्य समुदायों/श्रेणियों की आय तथा उनकी आय के मध्य अंतर को कम करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं;

(घ) राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में जनजातीय समुदायों की प्रति व्यक्ति आय तथा अन्य समुदायों/श्रेणियों की प्रति व्यक्ति आय में औसतन कितना अंतर है;

(ङ) क्या सरकार का जनजातियों की आय बढ़ाने के लिए कोई विशेष योजना या नीति बनाने का विचार है, यदि हाँ, तो ऐसा कब तक किए जाने की संभावना है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वित्त मंत्री

(श्रीमती निर्मला सीतारामन)

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

श्री राजकुमार रोत द्वारा "जनजातियों की प्रति व्यक्ति आय" पर दिनांक 11 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या †*306 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्थिर और वर्तमान मूल्यों पर देश की प्रति व्यक्ति आय (निवल राष्ट्रीय आय) क्रमशः ₹1,14,710 और ₹2,05,324 थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए प्रति व्यक्ति आय (निवल राज्य घरेलू उत्पाद) का राज्यवार विवरण अनुलग्नक-I पर है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय केंद्रीकृत, श्रेणीवार [अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी), सामान्य, आदि] या ज़िलावार प्रति व्यक्ति आय का लेखा-जोखा नहीं रखता है, हालाँकि कई राज्य (सभी नहीं) ज़िलावार आय के आँकड़े प्रकाशित करते हैं। आधिकारिक तौर पर कोई स्पष्ट 'आदर्श' प्रति व्यक्ति आय भी नहीं है। तथापि, मुद्रास्फीति के समायोजन के बाद प्रति व्यक्ति आय में सतत वृद्धि को आमतौर पर जीवन स्तर में सुधार के संकेतक के रूप में देखा जाता है।

(ख) और (घ): कोई श्रेणीवार प्रति व्यक्ति आय अनुमान प्रचलित नहीं है, परंतु सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय घरेलू उपभोग व्यय के आँकड़े एकत्र करता है, जिसे आय की स्थिति का स्थानापन्न माना जा सकता है। नवीनतम घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) के अनुसार, वर्ष 2023-24 (अगस्त 2023-जुलाई 2024) के लिए विभिन्न सामाजिक वर्गों में अखिल भारतीय औसत मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) निम्नानुसार है:

समुदाय/श्रेणी	**ग्रामीण**	**शहरी**
	(₹ में)	**(₹ में)**
अनुसूचित जनजाति	3,363	6,030
अनुसूचित जाति	3,878	5,775
अन्य पिछड़ा वर्ग	4,206	6,738
अन्य	4,642	7,832
सभी	4,122	6,996

स्रोत: घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2023-24, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

इसके अलावा, वर्ष 2023-24 (अगस्त 2023-जुलाई 2024) के लिए राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के विभिन्न सामाजिक वर्गों में एचसीईएस में दर्ज औसत एमपीसीई (₹ में) निम्नानुसार है:

समुदाय/श्रेणी	**राजस्थान**		**मध्य प्रदेश**		**गुजरात**		**महाराष्ट्र**	
	ग्रामीण	**शहरी**	**ग्रामीण**	**शहरी**	**ग्रामीण**	**शहरी**	**ग्रामीण**	**शहरी**
अनुसूचित जनजाति	3,384	6,065	3,004	4,445	3,690	5,837	3,103	5,377
अनुसूचित जाति	4,196	5,050	3,416	4,711	3,825	5,955	3,986	5,956
अन्य पिछड़ा वर्ग	4,854	6,051	3,582	5,221	4,008	6,415	4,242	6,580
अन्य	5,238	8,011	3,964	6,571	5,137	7,971	4,599	8,250
सभी	4,510	6,574	3,441	5,538	4,116	7,175	4,145	7,363

स्रोत: घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2023-24, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

(ग), (ङ) और (च): जनजातीय समुदायों की आय में सुधार करने और फलस्वरूप अन्य समुदायों से अंतर में कमी लाने के लिए, जनजातीय कार्य मंत्रालय (एमओटीए) ने विभिन्न आजीविका और वित्तीय सशक्तिकरण कार्यक्रमों के जरिए एक बहुआयामी उपाय की शुरूआत की है। प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (पीएमजेवीएम) लघु वनोपज (एमएफपी) को न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने के अलावा लघु वनोपज (एमएफपी) और ऐसे गैर-कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन में सहयोग करके जनजातीय उद्यमिता को बढ़ावा देता है; ट्राइब्स इंडिया के माध्यम से विपणन कड़ी में मदद करता है; और मूल्य वर्धन के लिए वन धन विकास केंद्र स्थापित करता है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) आय-सृजन क्रियाकलापों के लिए रियायती ऋण प्रदान करता है, जिसमें जनजातीय महिलाओं और स्व-सहायता समूहों के लिए विशेष योजनाएँ शामिल हैं। जनजातीय कार्य मंत्रालय का उद्यम पूंजी निधि नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए जनजातीय स्टार्ट-अप और उद्यमों की सहायता करता है। इसके अतिरिक्त, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) जनजातीय गांवों में सेवा सुपुर्दगी और रोजगार की कमियों को दूर करता है, जिसमें होमस्टे पर्यटन और सतत कृषि को सहायता प्रदान करना शामिल है। अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना (डीएपीएसटी) के माध्यम से, 41 मंत्रालय जनजातीय कल्याण के लिए निधियों का निर्धारण करते हैं, जबकि शैक्षिक छात्रवृत्तियाँ और ब्याज-सहायता वाले ऋण उच्च शिक्षा और रोजगार तक पहुँच को बेहतर बनाकर दीर्घकालिक आय वृद्धि में और आर्थिक सहायता करते हैं।

***

अनुलग्नक-I

प्रति व्यक्ति निवल राज्य घरेलू उत्पाद (₹ में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्थिर कीमतों पर		वर्तमान कीमतों पर	
	2023-24	2024-25	2023-24	2024-25
आंध्र प्रदेश	1,31,083	1,41,609	2,37,951	2,66,240
अरुणाचल प्रदेश	1,11,107	उपलब्ध नहीं	2,20,209	उपलब्ध नहीं
असम	75,938	81,127	1,39,783	1,54,222
बिहार	32,227	उपलब्ध नहीं	60,180	उपलब्ध नहीं
छत्तीसगढ़	87,681	93,161	1,48,922	1,62,870
गोवा	3,57,611	उपलब्ध नहीं	5,85,953	उपलब्ध नहीं
गुजरात	1,95,617	उपलब्ध नहीं	2,97,722	उपलब्ध नहीं
हरियाणा	1,82,816	1,94,285	3,19,363	3,53,182
हिमाचल प्रदेश	1,54,330	1,63,465	2,34,782	2,57,212
झारखंड	65,062	उपलब्ध नहीं	1,05,274	उपलब्ध नहीं
कर्नाटक	1,91,970	2,04,605	3,39,813	3,80,906
केरल	1,62,040	उपलब्ध नहीं	2,79,751	उपलब्ध नहीं
मध्य प्रदेश	67,301	70,434	1,39,713	1,52,615
महाराष्ट्र	1,66,013	1,76,678	2,78,681	3,09,340
मणिपुर	65,471	उपलब्ध नहीं	1,28,925	उपलब्ध नहीं
मेघालय	74,489	77,412	1,36,948	1,49,891
मिजोरम	1,52,363	उपलब्ध नहीं	2,35,823	उपलब्ध नहीं
नागालैंड	81,158	उपलब्ध नहीं	1,58,730	उपलब्ध नहीं
ओडिशा	99,396	1,06,918	1,65,068	1,82,548
पंजाब	1,29,561	1,35,356	1,95,031	2,09,452
राजस्थान	90,414	96,638	1,66,647	1,85,053
सिक्किम	2,92,339	उपलब्ध नहीं	5,87,743	उपलब्ध नहीं
तमिलनाडु	1,79,732	1,96,309	3,15,220	3,58,027
तेलंगाना	1,77,000	1,87,912	3,46,457	3,79,751
त्रिपुरा	97,250	उपलब्ध नहीं	1,76,943	उपलब्ध नहीं
उत्तर प्रदेश	50,341	उपलब्ध नहीं	93,422	उपलब्ध नहीं
उत्तराखंड	1,50,931	1,58,819	2,46,178	2,74,064
पश्चिम बंगाल	77,933	82,781	1,49,515	1,63,467
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	1,77,335	उपलब्ध नहीं	2,75,758	उपलब्ध नहीं
चंडीगढ़	2,56,912	उपलब्ध नहीं	4,30,119	उपलब्ध नहीं
दिल्ली	2,71,490	उपलब्ध नहीं	4,59,408	उपलब्ध नहीं
जम्मू एवं कश्मीर	76,653	81,774	1,39,880	1,54,703
पुदुचेरी	1,45,921	1,55,533	2,67,124	2,85,072

स्रोत: सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

एनए: उपलब्ध नहीं